प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में आज नामीबिया के विंडहोक पहुंचेंगे।
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा आज सम्पन्न हो रहा है–विभिन्न स्थानों पर फॉलोअप कैम्प्स के जरिये लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।
- राज्य पक्षी गोडावण के संरक्षण और उनकी संख्या में बढ़ोतरी के लिए जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया।
- प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कल से और पश्चिमी राजस्थान में अगले दो–तीन दिन कहीं–कहीं तेज बारिश के आसार।

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में आज नामीबिया के विंडहोक पहुंचेंगे। इस यात्रा के दौरान नामीबिया के साथ आर्थिक साझेदारी बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। श्री मोदी नामीबिया की संसद को भी संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कल ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से वार्ता की। दोनों देशों के बीच तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इनमें अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने में सहयोग तथा नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग संबंधी समझौते शामिल हैं। इसी के साथ प्रधानमंत्री मोदी की चार दिन की ब्राज़ील यात्रा सम्पन्न हो गई है। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ब्रिक्स नेताओं ने आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त न करने और आतंकवाद के मामले में दोहरे मानदण्ड अपनाने की प्रवृत्ति को खारिज करने की अपील की है।

.....

0000

प्रदेशभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है । 24 जून से शुरू हुआ ये पखवाडा आज सम्पन्न हो रहा है। विभिन्न स्थानों पर फॉलोअप कैम्पस लगाये गये है। पखवाडे के तहत काफी समय से लंबित मामलो को आपसी समझाइश से निपटाया गया। वहीं पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कई स्थानों पर इन शिविरों का दौरा कर जनहित के कामों की जानकारी ली। इसी कडी में उन्होंने कल बीकानेर के श्रीडूंगरगढ के गुसांईसर बडा गांव में लगाये गये शिविर का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है।

.....

मुख्यमंत्री आज डीग जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे वहां मुडिया पूर्णिमा मेले के अवसर पर पूछरी गांव का दौरा करेंगे।

00000

कोटा में नमो टॉय बैंक बनाया जायेगा। इसके माध्यम से समाज के वंचित और जरूरतमंद बच्चों के लिये खिलौने उपलब्ध कराये जायेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में शिक्षाविदो और कोचिंग तथा विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद के दौरान इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे समाज में जॉय ऑफ गिविंग की भावना को बच्चों के माध्यम से विकसित किया जायेगा। ये टॉय बैंक बच्चों द्वारा बच्चों के लिए संचालित होगा। टॉय बैंक में विद्यार्थी खिलौने इकट्ठा कर उनकी छटाई, सफाई और मरम्मत का काम करेंगे। इसके बाद इन्हें जरूरतमंद बच्चों को दिया जायेगा। लोकसभा अध्यक्ष ने कल ही मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में स्थानीय नागरिकों और खेल प्रेमियों से भी संवाद किया।

0000

राज्य पक्षी गोडावण के संरक्षण और उनकी संख्या में बढोतरी के लिए जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। वाइल्ड लाइफ इन्स्टिट्यूट ऑफ इंडिया की ओर से शुरू किये गये इस पहल के तहत गोडावण के अंडों को घोसलों से निकालकर उन्हें कृत्रिम रूप से सेने की

प्रक्रिया की जायेगी। नेशनल पार्क के वन अधिकारी बृजमोहन गुप्ता ने बताया कि इस तकनीक के सफल रहने पर आने वाले समय में इसे व्यापक स्तर पर लागू किया जायेगा ताकि संकटग्रस्त गोडावण की प्रजाति को संरक्षित किया जा सके।

......

0000

औषधीय गुणों से भरपूर फल बीजीय मतीरे पर बीकानेर कृषि विश्वविद्यालय में अनुसंधान किया जा रहा है। इसके बाद उन्नत बीजों को किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. अरूण कुमार ने कृषि वैज्ञानिको और उद्यमियों के साथ चर्चा की। डॉ. कुमार ने कहा कि अनुसंधानित बीजों के प्रयोग से पैदावार बढेगी और किसानों की आय भी अधिक होगी।

.....

000

राज्य में मॉनसून की सक्रियता से कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात का दौर जारी है। कल राजधानी जयपुर सहित करीब एक दर्जन शहरों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 3 सेंटीमीटर पानी श्रीगंगानगर में बरसा। हनुमानगढ़ में रातभर हुई बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया। सवाईमाधोपुर और बाडमेर में हल्की बरसात हुई। विभाग के अनुसार आज कोटा, उदयपुर, भरतपुर अजमेर और जयपुर संभाग में बारिश की संभावना है। प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कल से और पश्चिमी राजस्थान में अगले दो–तीन दिन कहीं–कहीं तेज बारिश के आसार है। कल कोटा और भरतपुर संभाग में भारी बरसात हो सकती है। इस बीच अब तक हुई बरसात से प्रदेश के जलस्त्रोतों में पानी की आवक जारी है। बीसलपुर बांध में लगभग 70 प्रतिशत पानी आ गया है। इसका जलस्तर बढकर 313 दशमलव 86 आरएल मीटर दर्ज किया गया है।

0000